# भावना के निर्धन जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत,दिनाँक-19-02-2023 को सम्पन्न,दशम शीतकालीन सहायता शिविर की  संक्षिप्त रिपोर्ट।

*********************************************************************

भावना के ग्राम्यांचल एवं निर्धन-जन  सेवा प्रकोष्ठ द्वारा,दशम् शीतकालीन सहायता शिविर,दिनाँक-19-02-2023 को जनपद लखनऊ,विकास खण्ड बख्शी का तालाब के ग्राम मानपुर-लाला के पंचायत भवन में संपन्न हुआ जिसमें मानपुर-लाला,जगदीशपुर, व शिवपुरी के ग्रामवासियों की प्रतिभागिता रही।

इस अवसर पर भावना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शुक्ला का पूर्व में प्राप्त लिखित संदेश पढ़कर सुनाया गया जिसमें उन्होंने ग्रामवासियों को निकटतम जन सेवा केंद्र पर जाकर ई-श्रम कार्ड और भारत सरकार की आयुष्मान योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया और इन योजनाओं से होने वाले लाभ को बताया।इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी निवासियों के समृद्ध,स्वस्थ एवम् प्रसन्न रहने की कामना की और परस्पर भाई-चारा बनाये रखने पर विशेष बल दिया।

शिविर में इन ग्रामों के पूर्व चयनित पात्रों को,शीतकाल में ठण्ड से बचाव हेतु ,84अदद नये ऊनी कम्बल वितरित किये गये। भावना के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने एवम् उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण कराया गया। इस अवसर पर भावना की निर्धन-जन सेवा प्रकोष्ठ के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,महासचिव-कार्यान्वयन श्री जग मोहन लाल जायसवाल,सदस्य श्री उपेन्द्र कुमार बाजपेयी,श्री दीनबंधु यादव,श्रीमती गुलाब देवी,श्री गुरु दयाल शुक्ला,श्री एस.एन.श्रीवास्तव, श्री विश्व नाथ सिंह,श्री देव करण चौहान,ग्राम प्रधान श्री महेन्द्र यादव तथा क्षेत्र के अन्य अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

**प्रभात किरण चौरसिया**

**सचिव एवं संयोजक ग्राम्यांचल एवं निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ,**

**भावना**